**बीएचईएल ने अभिजीत इन्फ्रा लिमिटेड के लिये झारखंड में1080 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की स्थापना हेतु 2525 करोड़ रूपये के अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये**

नई दिल्ली, 09 अगस्तः भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने अभिजीत इन्फ्रा लिमिटेड (AINL), एक इंडिपेंडेंट पावर प्रोडूयूसर (IPP) के साथ झारखंड में 1080 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट (4X270 MW) स्थापित करने के लिये एक अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये हैं ।

2,525 करोड रूपये मुल्य के इस अनुबन्ध में बीएचईएल, रांची के निकट झारखंड के लटेहर जिले में स्थापित किये जाने वाले कोयला आधारित मातृश्री ऊषा जयशवाल मेगा पावर प्लांट के लिए फेज-I (2X270 मेगावाट) और फेज-II (2X270 मेगावाट) के लिये मुख्य प्लांट पैकेज की आपूर्ति व स्थापना करेगी ।

यह ऑर्डर एक बार फिर बीएचईएल की क्षमताओं में इंडिपेंडेंट पावर प्रोडूयूसरों के विश्वास को दर्शाता है । यह ऑर्डर भारतीय कोयला और भारतीय दशाओं के अनुकूल अति आधुनिक उपस्करों की आपूर्ति कर थर्मल पावर परियोजनाओं के निष्पादन में बीएचईएल के नेतृत्व को सुदृढ करता है ।

उल्लेखनीय है कि बीएचईएल ने वित्तीय वर्ष 2009-10 में प्राइवेट पावर यूटिलिटिज से अब तक के सर्वाधिक ऑर्डर प्राप्त किये हैं । वर्ष के दौरान पावर प्लांट इक्विपमेंट के प्राप्त कुल 16,489 मेगावाट के ऑर्डरों में से अकेले इंडिपेंडेंट पावर प्रोडूयूसरों से प्राप्त ऑर्डर 14,689 मेगावाट के थे जो बीएचईएल के पावर सेक्टर से प्राप्त कुल ऑर्डरों के 90% के निकट थे ।

इस ऑर्डर के तहत बीएचईएल, बायलरों, स्टीम टरबाइनों और टर्बो जेनरेटरों एवं अत्याधुनिक कन्ट्रोल्स एंड इन्सूटूमेंटेंशन (C&I) व सहायक उपकरणों हेतु डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य करेगी ।

बीएचईएल ने 1000 मेगावाट तक के थर्मल सेटों के विनिर्माण की अति आधुनिक तकनीक को पूर्णतः अपने यहा स्थापित कर लिया है । ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिये कंपनी ने 250 मेगावाट और 500 मेगावाट के अलावा 270 मेगावाट , 525 मेगावाट और 600 मेगावाट के नई रेटिंग के थर्मल सेटों को बाजार में उतारा है । इस ऑर्डर के साथ बीएचईएल ने अभी तक 270 मेगावाट के 22 सेटों के ऑर्डर प्राप्त कर लिये हैं ।

बीएचईएल, देश के विद्युत विकास कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्ध है और देश की विद्युत मांग को पूरा करने के लिये खुद को तकनीक, सुविधाओं व प्रशिक्षित कर्मचारियों से सुसज्जित कर भारतीय विद्युत विकास क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है । कंपनी ने अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ा कर 15000 मेगावाट प्रति वर्ष तक स्थापित कर लिया और इसे बढ़ा कर 20,000 मेगावाट प्रति वर्ष करने का कार्य प्रगति पर है ।